# पाठ - 2
# सौ झीलें

* शब्दार्थ

1) प्राचीन - पुराना
लोककथा - लोगों में प्रचलित कथा
देहांत - मृत्यु
बरबस - बिना कारण, बलपूर्वक
मुहाना - समुद्र में नदी के गिरने का स्थान
मूल्यवान - कीमती
नायाब - जो मिलता न हो, अनोखा
वक्त - समय
ईर्ष्या - जलन, दाह
सरासर - पूरी तरह, बिलकुल
असहाय - जिसका कोई सहायक या सहारा न हो
ड्रैगन - परदार साँप
सौभाग्य - अच्छा भाग्य
आकृति - रूप, गढ़न, चेहरा
गाथा - कथा, प्रशंसा, गीत
प्रतीक - प्रतिरूप

* रिक्त स्थान

1. चीन में मिन नदी के आसपास अनेक छोटी-छोटी झीलें हैं।
2. चीन प्रदेश में एक प्राचीन लोककथा प्रसिद्ध है।
3. वेन के पिता का देहांत हो चुका था।
4. नदी के मुहाने के पास तट पर सरो का एक वृक्ष है।

Scanned by CamScanner

Page No.
Date: / /201

5 वेन पेंग के रिश्तेदारों और पड़ोसियों के मन में ईर्ष्या की भावना पनपने लगी।
6 चीन में ड्रैगन को सौभाग्य सूचक माना जाता है
7. चीन के लोग अपने घरों में ड्रैगन के चित्र व आकृतियां रखना शुभ मानते है।

* सही / गलत

1 वेन पेंग मछली को पानी से बाहर निकालने में सफल हो गया। ✓
2 सरो के पेड़ की जड़ों में छुपा नायाब मोती पाकर वेन पेंग दुखी हो गया। ✗
3 ड्रैगन की आँखें लाल-पीले अंगारों जैसी जल रही थीं। ✓
4 चीन में ड्रैगन को सौभाग्य का सूचक माना जाता है। ✓
5 वेन पेंग की माँ को अपने बेटे को खोने का कोई दुख नहीं था। ✗

* सही उत्तर पर सही का निशान (✓) लगाइए।

1. जो मछली वेन पेंग के काँटे में फँसी थी, वह कैसी थी?

अ. सुंदर चमकीली ✓
ब. बहुत सुंदर
क. बड़ी बड़ी आँखोंवाली
उ. नीली आभावली

Scanned by CamScanner

(2) माँ - बेटे को सुख - चैन से रहते देखकर रिश्तेदारों और पड़ोसियों के मन में कैसी भावना पनपने लगी?
अ. प्रसन्नता की भावना
ब. ईर्ष्या की भावना ✓
क. नाराज़गी की भावना
ड. सद्भावना

(3) वेन पेंग ने नायाब मोती कहाँ छुपा रखा था?
अ. अपनी अलमारी में
ब. तहखाने में
क. अपने तकिए में ✓
ड. बक्से में

(4) प्यास लगने पर वेन पेंग कहाँ जा पहुँचा?
अ. ह्वांग हो नदी के किनारे
ब. मिन नदी के किनारे ✓
क. समुद्र के पास
ड. झील के पास

(5) ड्रैगन बने वेन पेंग के आँसू जहाँ - जहाँ गिरे, वहाँ - वहाँ क्या हुआ?
अ. झीलें बनती गईं ✓
ब. गड्ढा बनता गया
क. तालाब बनता गया
ड. पानी खारा हो गया

* एक वाक्य में उत्तर दीजिए

1) सौ झीलों की कहानी किस देश से संबंधित है?
उ. चीन से संबंधित है।
2) वेन पेंग कौन था? वह किसके साथ रहता था?

उ. वेन पेंग एक छोटा लड़का था। वह अपनी माँ के साथ रहता था।
3) वेन पेंग और उसकी माँ को इतनी मेहनत क्यों करनी पड़ती थी ?
उ. घर चलाने के लिए
4) वेन पेंग मछली को देखकर हैरान क्यों हो गया
उ. क्योंकि आज तक उसने ऐसी सुंदर चमकीली सुनहरी मछली नहीं देखी थी।
5) सुनहरी मछली खुश क्यों हुई ?
उ. क्योंकि उसे वापस पानी में डाल दिया था।
6) वेन पेंग के रिश्तेदारों और पड़ोसियों के मन में ईर्ष्या की भावना क्यों पनपने लगी ?
उ. क्योंकि व बहुत कम समय में धनी बन गए थे।
7) जमींदार का स्वभाव कैसा था ?
उ. लालची और क्रूर था।
8) मोती को किसने तथा क्यों निगल लिया ?
उ. मोती को वेन पेंग ने निगल लिया, क्योंकि वह मोती को बदमाशों के हाथों लगने नहीं देना चाहता था।
~~9) जमींदार का स्वभाव कैसा था ?~~
~~उ- लालची और क्रूर था।~~
10)

Page No.
Date: / /201

प्रश्नों के उत्तर

1) सौ झीलों का प्रदेश' कहाँ स्थित है और इसे इस नाम से क्यों पुकारा जाता है?
उ. 'सौ झीलों का प्रदेश' चीन में मिन नदी के आस-पास स्थित है। इन झीलों की संख्या इतनी अधिक है कि लोग इसे 'सौ झीलों का प्रदेश' के नाम से पुकारते हैं।

2) यह जानते हुए भी कि मछली को पानी डाल देने से भूखे पेट सोना पड़ेगा, वेन पेंग ने उसे पानी में क्यों डाल दिया?
उ. वेन पेंग को मछली पर दया आ रही थी इसलिए यह जानते हुए भी कि मछली को पानी में डालने पर भूखे पेट सोना पड़ेगा, उसने मछली को पानी में डाल दिया।

3) मोती मिलने के बाद वेन पेंग के जीवन में क्या परिवर्तन आया?
उ. मोती मिलने के बाद वेन पेंग को दोनों वक्त भरपेट भोजन मिलने लगा। उसके खेतों में इतनी पैदावार होने लगी कि घर में से अनाज बेचना पड़ता था। उसके ~~बगीचे~~ बगीचे की सब्जियों का स्वाद भी सबसे अच्छा होता था। मोती मिल जाने से उसकी गरीबी दूर हो गई और माँ-बेटा दोनों सुख-चैन से रहने लगे।

4) वहाँ के ज़मींदार को किस बात का पता चला और कैसे?

Scanned by CamScanner

Page No.
Date :   /   /201

3. लोग वेन पेंग और उसकी माँ के सुख - सौभाग्य की चर्चा करते थे। इस बात की कानाफूसी जल्दी ही वहाँ के ज़मींदार तक पहुँची और उसे वेन पेंग के दानी बन जाने की बात का पता चला गया।

5) वेन पेंग की आँखों से टप - टप आँसू क्यों गिरने लगे?

उ. ड्रैगन बन चुका वेन पेंग जब ड्रैगन - देश जाने के लिए उड़ने लगा तो उसे अपनी माँ से अलग होने का दुख था। इस दुख के कारण उसकी आँखों से टप - टप आँसू गिरने लगे

* शब्द - संपदा

प्र. 1> नीचे लिखे अनेक शब्दों के लिए एक शब्द पाठ से चुनकर लिखिए

1) लोक में प्रचलित कथा → लोककथा
2) जिसकी गिनती न की जा सके → अनगिनत
3) नदी का मुख जहाँ वह समुद्र में जाकर मिलती है → मुहान
4) वह स्त्री जिसके पति की मृत्यु हो गई हो → विधवा
5) हिंसा करने वाला → हिंसक

प्र 2 दिए गए शब्दों का श्रुतलेख लिखिए।

प्र 3 निम्नलिखित विदेशी शब्दों के लिए हिंदी समानार्थ शब्द लिखिए -

1> इलाका - क्षेत्र
2) इंतजार - प्रतीक्षा

Scanned by CamScanner

3) बेहद - अत्याधिक
4) माकल → शाकिन
5) हैरान → चकित
6) नज़र → दृष्टि
7) ज़मींदार → भूस्वामी
8) रोशनी → प्रकाश
9) खुद → स्वयं

Scanned by CamScanner